Title: Demand to start the Metro Railway Service in Jaipur city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह सर्वविदित है कि जयपुर राजस्थान की राजधानी और गुलाबी नगरी है। ऐसा नियम है कि जहां दस लाख से ज्यादा आबादी हो जाती है वहां मैट्रो रेल सेवा प्रारंभ की जाती है। जयपुर शहर की आबादी 25 लाख से ऊपर हो गई है। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि जनसंख्या को नियंत्रित करने और ट्रैफिक को रैगुलेट करने के नाते भारत सरकार और राजस्थान सरकार मदद करे और जयपुर शहर में मैट्रो रेल सेवा प्रारंभ की जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।